सादर प्रकाशनार्थ,

## सात दिवसीय अनंत सुख अनुभूति शिविर का शुभारम्भ

जमनीपाली–बाल्कोः 10.06.2017–प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के तत्वाधान में संस्थान के अंतर्राष्ट्रीय मुख्यालय आबू पर्वत से राजयोगी ब्रह्माकुमार हरिहर मुखर्जी के सानिध्य में सात–दिवसीय अनंत सुख अनुभूति शिविर के प्रातः सत्र का शुभारम्भ दीप प्रज्जवलन कर गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति में राजयोग केन्द्र साडा कालानी जमनीपाली में किया गया। भ्राता बी.के. यमुना कमाण्डेन्ट सी.आई.एस.एफ एन.टी.पी.सी. जमनीपाली, भ्राता पी. एन.शर्मा सेवानिवृत कार्यपालक निर्देशक बाल्को, डॉ. नरेन्द्र शाक्या जमनीपाली, ब्रह्माकुमारी रूकमणी बहन कार्यक्रम में उपस्थित थे। शिविर का समय प्रातः 6:30 से 8:00 बजे तक रखा गया है।

सायं सत्र का शुभारम्भ सामुदायिक भवन हाउसिंग बोर्ड वार्ड नं. 35 समीप एस.बी.आई बाल्को नगर में गणमान्य व्यक्तियों की स्थिति में किया गया। भ्राता हीतानंद अग्रवाल पार्षद वार्ड क. 35, भ्राता लोकेश्वर चौहान पार्षद, रवि सोन तथा सत्येन्द्र दुबे एल्डरमेन न.पा.नि कोरबा कार्यक्रम में उपस्थित थे। शिविर का समय सायं 6:30 से 8:00 तक रखा गया है। राजयोगी ब्रह्माकुमार हरिहर मुखर्जी भाई ने कहा कि तन का स्वास्थ्य, मन की सम्पन्न स्थिति, धन से भौतिक संसाधन और संबंधों में समन्वय और सामंजस्य लाना एक सुखमय स्थिति का अनुभव कराता है। राजयोग की शिक्षायें जो आज प्रजापिता ब्रह्कुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय में प्राप्त होती हैं। उनके द्वारा इन सभी कलाओं का प्रशिक्षण दिया जाता है कि कैसे तन–मन–धन–जन का सुख प्राप्त कर सकते हैं। कु. नेहा वर्मा, कु. अंजना सिंह ने गीत की प्रस्तुति दी तथा कार्यक्रम का संचालन भ्राता शेखर राम ने किया। शिविर का लाभ लेने के लिये नगरवासी सादर आमंत्रित हैं।

मानवता की सेवा में, ब्रह्माकुमारी रूकमणी